पश्चिमाँचल विद्युत वितरण निगम लि0
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

ई–मेल: seeudcmzn@gmail.com

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल
मुजफ्फरनगर।

दिनांक : 19.7.22

पत्रांक :– 2153 /वि.न.वि.मं.–मु0नगर

सेवा में,

**विज्ञापन व्यवस्थापक**
**प्रथम प्रति/द्वितीय प्रति**
**अमर उजाला, मेरठ।**
**पंजाब केसरी, दिल्ली।**

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन सामग्री अपने प्रतिष्ठत दैनिक समाचार पत्र में दिनांक: 20.07.2022 या 21.07.2022 के अंक में कम से कम 8–10 प्वांइन्ट टाइप में समाचार पत्र के केवल एक कालम में प्रकाशित करने के कृपा करें। निविदा सूचना का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर ही करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतु कार्यालय प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ को प्रेषित करें।

विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव न होगा। **विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य प्रेषित कर दी जाय अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं होगा।**

यदि आपको सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृष्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।

विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में ''राष्ट्र हित में बिजली बचाएं'' का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।

उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढ़ंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में निगम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नक: (1) विज्ञापन आदेश प्रथम व द्वितीय प्रति।
(2) विज्ञापन सामग्री।

भवदीय

अधीक्षण अभियन्ता
Superitending Engineer
Electricity Urban Distribution Circle
Muzaffarnagar

पत्रांक:– /वि.न.वि.मं.–मु0नगर/दिनांक:–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–
(1) मुख्य अभियन्ता (वितरण), प0वि0वि0नि0लि0, सहारनपुर क्षेत्र, सहारनपुर।
(2) सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, प0वि0वि0नि0लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।

अधीक्षण अभियन्ता

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना** :– इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 05.08.2022 को खोली जायेगी प्रति निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 (देय) एवं प्रति निविदा घरोहर राशि रू0 2000.00। अल्पकालीन ई–निविदा संख्या–32/2022-23 OF EUDC MZN जिसके सापेक्ष विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–द्वितीय, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत पुरकाजी में ताल्हा कार बाजार पर स्थापित 250 केवीए परिवर्तक के अतिभारित होने के कारण 250 केवीए से 400 केवीए की क्षमतावृद्धि करने का कार्य, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–तृतीय, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत ग्राम सुजडू में जुल्लू प्रधान के पास स्थापित 400 केवीए परिवर्तक के अतिभारित होने के कारण अतिरिक्त 250 केवीए परिवर्तक का निर्माण करने का कार्य एवं विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–प्रथम, मुजफ्फरनगर के अन्तर्गत 11 केवी रामपुरी फीडर पर डीपी तेजपाल वेल्डिंग, शाहबुद्दीन रोड़ पर 100 केवीए परिवर्तक अतिभारित होने के कारण 01 अतिरिक्त 100 केवीए के परिवर्तक को स्थापित करने का कार्य। कृपया विस्तार में सभी जानकारी हेतु बेबसाईट www.etender.up.nic.in/pvvnl.org से डाउनलोड करें तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए ई–निविदा खुलने के समय तक लॉग ऑन करें। बिना किसी पूर्व सूचना के ई–निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। निविदा खुलने की तिथि को सार्वजानिक अवकाश होने की स्थिति में ई–निविदा आगामी कार्यदिवस को खोली जायेगी।

**(एस0के0 अग्रवाल)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत नगरीय वितरण मण्डल**
**मुजफ्फरनगर।**

Superintending Engineer
Electricity Urban Distribution Circle
Muzaffarnagar